**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2645**
**बुधवार, 07अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## तमिलनाडु में मौसम रडार प्रणालियां

†2645. श्री दयानिधि मारन:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा तमिलनाडु के लिए रडार और मौसम पूर्वानुमान प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए नई योजनाएं या पहल प्रस्तावित की गई हैं/प्रस्तावित की जा रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मौसम पूर्वानुमान की सटीकता और समयबद्धता में सुधार करने के लिए तमिलनाडु में रडार कवरेज का विस्तार या संवर्धन करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या तमिलनाडु में मौजूदा मौसम रडार प्रणालियों के प्रौद्योगिकी उन्नयन पर विचार किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत दस वर्षों में प्रत्येक राज्य और विशेषकर तमिलनाडु में मौसम पूर्वानुमान प्रणालियों के सुधार के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है तथा उपलब्ध कराए जा रहे अतिरिक्त संसाधनों का मद-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या तमिलनाडु में स्थानीय प्राधिकारियों और जनता के साथ मौसम के वास्तविक समय के आंकड़ों का प्रभावी ढंग से साझा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क)-(ख) तमिलनाडु राज्य में तीन मौजूदा प्रचालनात्मक डॉपलर मौसम रेडार (डीडब्ल्यूआर) हैं: दो चेन्नई (एस-बैंड और एक्स-बैंड) में और तीसरा कराईकल (एस-बैंड) में। ये डॉपलर मौसम रेडार प्रणालियां तमिलनाडु के आंतरिक और तटीय क्षेत्रों को पर्याप्त रूप से कवर करती हैं। मंत्रालय तमिलनाडु सहित पुरे देश में पूर्वानुमान सेवाओं के सुधार के लिए मौसम पूर्वानुमान प्रणालियों का लगातार विस्तार कर रहा है।

(ग) जी हां। आईएमडी प्रतिस्थापन के लिए एक एस-बैंड डीडब्ल्यूआर की खरीद की प्रक्रिया कर रहा है।

(घ) मौसम पूर्वानुमान प्रणालियों में सुधार के लिए तमिलनाडु सहित पूरे देश में वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-मॉडलिंग प्रेक्षण प्रणालियां और सेवाएं (अक्रॉस) केंद्रीय क्षेत्र योजना के माध्यम से निधियां आबंटित की जाती हैं। डीडब्ल्यूआर के रखरखाव और उन्नयन के लिए पिछले 10 वर्षों के दौरान आबंटित निधियां तमिलनाडु सहित देश भर में आईएमडी द्वारा स्थापित सभी डीडब्ल्यूआर के लिए लगभग 92.7 करोड़ रुपये हैं।

(ङ) जी हां।

*****